# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone 07782-229215, 229884 E-mail: exambastar@gmail.com


क्रमांक/385 /परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2022 जगदलपुर दिनांक05/04/2022

## //अधिसूचना//

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–33/2020/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28/03/2022 के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में दिनांक 04/04/2022 को आयोजित विद्या परिषद एवं दिनांक 05/04/2022 को आयोजित कार्यपरिषद के निर्णयानुसार शिक्षा सत्र 2021–22 के वार्षिक परीक्षा पद्धति वाले सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाऍ ब्लैन्डेड मोड में आयोजित किये जाने हेतु अध्यादेश क्रमांक–5 की कंडिका–22 में निहित प्रावधान अनुसार दिशा–निर्देश/विनियम निम्नानुसार जारी किया जाता है:–

1. परीक्षार्थी का परीक्षा में प्रवेश सभी निर्धारित शर्तें पूर्ण करने के अधीन होगा। परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में उल्लेखित विषय/प्रश्नपत्रों इत्यादि के अनुसार प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया जावेगा।
2. परीक्षार्थिओं को महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए एक प्रश्न पत्र, एक मुख्य उत्तरपुस्तिका (24 पेज) एवं एक पूरक उत्तरपुस्तिका (08 पेज) कुल 32 पेज का बुकलेट बनाकर सभी प्रश्नपत्रों का बुकलेट एक लिफाफा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार प्रदान किया जायेगा।
3. कोविड–19 के कारण लॉकडाउन होने की स्थिति में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईड में प्रश्न पत्र ऑनलाईन उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षार्थी अपना User Id & Password login कर प्रश्न पत्र प्राप्त कर सकेगें।
4. प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका बुकलेट के साथ उपस्थिति पत्रक भी परीक्षार्थी को प्रदान किया जायेगा। उपस्थिति पत्रक के समस्त विवरण परीक्षार्थी को अनिवार्यतः परिपूरित करना होगा तथा वीक्षक को भी हस्ताक्षर करना होगा।
5. विश्वविद्यालय के वेबसाईट से कक्षावार रोल लिस्ट डाउनलोड कर विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार किसी एक कक्षा के अलग–अलग तिथियों के लिए कुल परीक्षार्थी संख्या को समान अनुपातिक रूप से विभाजित करते हुए प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका वितरण तथा उत्तरपुस्तिका प्राप्ति हेतु महाविद्यालय द्वारा सूची जारी कर परीक्षार्थियों को सूचित किया जायेगा।
6. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में बुकलेट वितरण एवं प्राप्ति हेतु पृथक–पृथक काउंटर (15 परीक्षार्थियों पर) व्यवस्था किया जाएगा।
7. परीक्षार्थी द्वारा जमा उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अनुक्रमांक/नामांकन अंक इत्यादि स्पष्ट अक्षरों में लिखा है का परीक्षण कर वीक्षक को अनिवार्यतः हस्ताक्षर करना होगा।
8. हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका निर्धारित तिथि को महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों में जमा करना होगा।
9. पोस्ट/कोरियर एवं अन्य माध्यम से उत्तरपुस्तिका प्राप्ति/जमा करने का प्रावधान नहीं होगा।

10. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करने वाले परीक्षार्थियों को अनुपस्थित माना जाएगा।
11. यदि कोई परीक्षार्थी महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से प्रदाय उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करता है अथवा किसी अन्य परीक्षार्थी के उत्तरपुस्तिका की छाया प्रति जमा करता है अथवा किसी अन्य से उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखवाने पर उसके विरूद्ध अनुचित साधन प्रकरण बनाया जायेगा।
12. इस परीक्षा प्रणाली में विश्वविद्यालय अध्यादेश कमांक 6 के अनुसार पुनर्मूल्याकंन/पुनर्गणना/पूरक परीक्षा के प्रावधान होगें।
13. प्रश्न पत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने तथा उत्तरपुस्तिका जमा करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करना अनिवार्य होगा।
14. नेत्रहीन Physically Handicapped and Dyslexic (दिव्यांग) परीक्षार्थियों को लेखक सुविधा होगी।
15. विलम्ब से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए विचार नहीं जायेगा।
16. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा। अतः महाविद्यालय स्तर पर मूल्यांकन कार्य नहीं किया जायेगा।

5/4/2022

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक/386 /परीक्षा/गोपनीय/ श.म.क.वि.वि./2022 जगदलपुर दिनांक 05/04/2022
प्रतिलिपिः—
1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर को सूचनार्थ।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर ,नवा रायपुर को सूचानार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचानालय, इन्द्रवती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सहायक कुलसचिव (अकादमिक) शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
7. सम्पादक नवभारत/दैनिक भास्कर/देशबंधु/हरिभूमि/नईदुनिया/हाईवे चैनल/दण्डकारण्य/प्रातःइण्डिया महाकौशल/हिन्दसत्/पत्रिका को इस अनुरोध के साथ कि उक्त समाचार को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8. सूचना पटल

**सहायक कुलसचिव**
**(परीक्षा/गोपनीय)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)